www.maharashtracrimes.in
Email : editor@maharashtracrimes.in
www.maharashtracrimes.blogspot.in
maharashtracrimes@gmail.com

RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

वर्ष 21 | अंक 01 | मुंबई, 05 नवंबर 2021 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

# महाराष्ट्र में बना 'मौत का सामान'...!

## हरियाणा में खपाया जा रहा था, अवैध हथियारों का सप्लायर गिरफ्तार

**मुंबई** : पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. सीआई 2 ने अवैध हथियारों की सप्लाई के लिए राजस्थान से हरियाणा आए अंतरराज्यीय सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया. उसके पास से 12 देसी पिस्टल बरामद की गईं. आरोपी राजस्थान के भरतपुर जिले से हथियारों की तस्करी करने के लिए पानीपत आया था. इन सभी अवैध हथियारों को बनाने वाला जलगांव (महाराष्ट्र) का आरोपी फरार है. पुलिस उसकी तलाश में है. पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने प्रेसवार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड के पास संदिग्ध हालात में घूम रहे एक युवक को पकड़ा गया. उसने पीठ पर बैग लटका रखा था. तलाशी लेने पर उसमें से 12 अवैध देसी पिस्टल बरामद हुईं. आरोपी की पहचान पुखराज उर्फ राज निवासी नंगला तला, भरतपुर (राजस्थान) के रूप में हुई है. आरोपी के खिलाफ थाना शहर में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. आरोपी को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया. पुलिस



अधीक्षक (रढ) ने बताया कि महाराष्ट्र के जलगांव से अवैध पिस्टल 20 हजार रुपये में खरीदकर हरियाणा के पानीपत, सोनीपत व यूपी के आगरा, कैराना शामली में 50 से 60 हजार रुपये में बेच दी जाती थी. इन स्थानों पर आरोपी 35 से 40 देसी पिस्टल सप्लाई कर चुके है. पूछताछ में पता चला कि महाराष्ट्र के जलगांव से अवैध हथियार खरीद कर आरोपी सबसे पहले राजस्थान के भरतपुर आता था और इसके बाद अलग-अलग स्थानों पर हथियारों की अवैध सप्लाई करता था. सीआईए-टू पुलिस टीम ने गिरोह मे शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी उन्होंने बताया कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए अवैध हथियारों की तस्करी करते समय ट्रेन व बस में सफर करते थे और लोकल स्टेशन पर उतरकर आगे का सफर बस से तय करते थे. गिरोह के सदस्य ज्यादातर वॉट्सऐप कॉल ही करते थे. पकड़े गए आरोपी के खिलाफ भरतपुर जिले के रुदावल थाना क्षेत्र में हत्या का मुकदमा दर्ज है.

## महंगे तेल का फटका, वाहन उद्योग को झटका!

**मुंबई** : धनतेरस और दिवाली पर मुंबई में कार और बाइक की बिक्री में बीते दो सालों की तुलना में करीब ३२ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी वाहन पंजीकरण के मिले आंकड़ों में सामने आई है। विशेषज्ञों के मुताबिक ईंधन की कीमतों में हर दिन हो रही वृद्धि के चलते लोग नए वाहनों को खरीदने से कतरा रहे हैं अर्थात महंगे तेल के फटके की वजह से वाहन उद्योग को झटका लगा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक पिछले डेढ़ साल में पेट्रोल की कीमतों में ५१ और डीजल में ६० फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जो वाहन चालकों की जेब पर भारी पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुंबई में पेट्रोल की ११५ रुपए से अधिक और डीजल की कीमत १०६ रुपए से अधिक हो गई है, जबकि पिछले साल अप्रैल में पेट्रोल की कीमत ७६ रुपए और डीजल की कीमत ६६ रुपए थी।

वेलॉक्स मोटर्स (बिक्री) के जनरल मैनेजर सचिन गावड़े के मुताबिक पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के चलते अब लोग सीएनजी कारों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन पंजीकरण के आंकड़ों के अनुसार धनतेरस और दिवाली के १५ दिन पहले से ही वाहनों की बुकिंग शुरू हो जाती है। हालांकि इस साल भी अब तक मुंबई के विभिन्न शोरूमों में दो हजार ४४७ कारें और छह






हजार २३७ बाइक बुक की गई हैं।

वाहनों की बिक्री में गिरावट इस साल दशहरे से शुरू हुई। दशहरे पर दो हजार ८१८ कारों और पांच हजार ३४ बाइकों का पंजीकरण किया गया था। साल २०२० की तुलना में इस साल दशहरे पर खरीदी गई कारों और दोपहिया वाहनों की बिक्री में क्रमशः १३ और ३९ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं साल २०१९ की तुलना में २०२० में दशहरे के मौके पर तीन प्रतिशत अधिक कारों की बिक्री हुई थी। एक परिवहन विशेषज्ञ ने कहा कि हालांकि महंगा ईंधन एक निवारक के रूप में कार्य कर सकता है। यह सड़क पर कारों और बाइक को कम करने में मदद कर सकता है। साथ ही साथ इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बिक्री को भी प्रोत्साहित कर सकता है।

## ब्लैकमेलर करते हैं खेल! ठगी से बचाएगी पुलिस

**मुंबई** : सोशल मीडिया का इस्तेमाल आजकल वीडियो कॉलिंग के दौरान अश्लील चैट के लिए किया जा रहा है। इसके बाद कुछ अराजक तत्वों द्वारा चैट को रिकॉर्ड करके उसके वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए वसूल किए जाते हैं। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार ब्लैकमेल करनेवालों से डरने की कोई जरूरत नहीं है। यदि कोई ब्लैकमेल करता है तो पुलिस से संपर्क कर घटना की पूरी जानकारी देकर खुद को ठगने से बचाया जा सकता है। आम शब्दों में कहें तो अश्लील वीडियो चैट की भूल करनेवाले




लोग घबराएं नहीं क्योंकि पुलिस आपके साथ है। बता दें कि सोशल मीडिया पर आजकल ठग लड़कियां पहले तो आम लोगों को अपनी बातों में फंसाकर उनसे अश्लील वीडियो चैट करती हैं। इसके बाद उसका वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर उनसे पैसे मांगती हैं। वीडियो वायरल होने और अपनी छवि खराब होने के डर से आम लोग ठग के बार-बार पैसे मांगने पर उन्हें पैसे देते रहते हैं और यह सिलसिला थमने का नाम नहीं लेता। ऐसे लोगों के साथ ठगी न हो इसलिए अब खुद पुलिस आगे आई है। पुलिस का कहना है कि यदि कोई वीडियो वायरल करने की धमकी देता है तो घबराएं नहीं और अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में इसकी

## सिंगल जर्नी के लिए विंडो पर बढ़ रही भीड़, ५० लाख हुए लोकल यात्री



**मुंबई** : लाखों मुंबईकरों को लोकल ट्रेन के सिंगल टिकट का इंतजार था। ये इंतजार आखिरकार गत रविवार को खत्म हुआ। अब राज्य सरकार ने दो डोज लेने के बाद १४ दिन की अवधि पूरी कर चुके लोगों को सिंगल टिकट खरीदने की छूट दे दी है। इस छूट के बाद लोकल यात्रियों की संख्या में वृद्धि तो हुई है, साथ ही सिंगल टिकट के लिए उपनगरीय स्टेशन की टिकट खिड़कियों पर लंबी कतारें भी लग रही हैं। इस वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## मुंबई के पार्किंग क्षेत्रों में बनेगा ईवी चार्जिंग प्वाइंट

**मुंबई** : राज्य सरकार के इलेक्ट्रिक वाहनों की पॉलिसी को बढ़ावा देने के लिए मनपा जगह-जगह चार्जिंग प्वाइंट बनाने में जुट गई है। इसी के तहत मंगलवार को फोर्ट परिसर में हुतात्मा चौक, कालाघोड़ा चौक और बोराबाजार (रामपार्ट स्ट्रीट) में कुल ३ इलेक्ट्रिक वेहिकल चार्जिंग स्टेशन का राज्य के पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने उद्घाटन किया। मनपा की ओर से हुतात्मा चौक पर एक छोटा-सा समारोह आयोजित किया गया।



# संपादकीय

## प्रमुख फैसले

पुणे : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इसके द्वारा लिए गए ''कुछ महत्वपूर्ण फैसलों'' ने कोविड -19 मामलों को कम करने में मदद की। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि चीजें सामान्य हो जायेंगी और महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था फिर से पटरी पर आ जाएगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने संकेत दिया है कि वह पेट्रोल और डीजल पर केंद्र के उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद ईंधन की कीमतों में लोगों को राहत देगी, लेकिन अगर केंद्र सरकार राज्य को जीएसटी मुआवजे का भुगतान करती है तो वह ऐसा करने की स्थिति में होगी।

पवार पुणे जिले के बारामती स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। दिवाली के मौके पर वह अपने परिवार के सदस्यों और पार्टी कार्यकताओं से मिलने के लिए अपने आवास पर थे। पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण पवार परिवार ने बारामती में दिवाली का उत्सव नहीं मनाया था। उन्होंने कहा, ''पिछले साल, कोविड-19 के कारण, हमें कुछ मानदंडों का पालन करना पड़ा, लेकिन अब देश में कोविड-19 का खतरा धीरे-धीरे कम हो रहा है। जहां तक महाराष्ट्र का सवाल है, राज्य सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिसके परिणामस्वरूप हम देख रहे हैं कि कोरोना वायरस रोगियों की संख्या घट रही है।'

उन्होंने कहा, ''इस साल भी, परिवार इस बात को लेकर असमंजस में था कि दीपावली हमेशा की तरह मनाई जाए या नहीं, लेकिन लोगों और सहयोगियों ने जोर देकर कहा कि हम बारामती में दिवाली मनाएं और आश्वासन दिया कि वे सभी कोविड-19 मानदंडों का पालन करेंगे। आज सैकड़ों लोग, पार्टी के कार्यकर्ता आए और अनुशासित तरीके से दिवाली की बधाई दी।'' पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कोरोना वायरस की स्थिति में और सुधार होगा। पवार ने कहा, ''हम खतरे से बाहर आ रहे हैंङ्ग मुझे यकीन है कि हम वापस सामान्य हो जाएंगे और महामारी के दौरान हुए नुकसान की भरपाई कर पायेंगे और हम अर्थव्यवस्था को बहाल करने में सक्षम होंगे। सभी लोगों और मुझे यकीन है कि हम नई उम्मीद के साथ फिर से शुरूआत करने में सफल होंगे।'' ईंधन की कीमतों पर केंद्र द्वारा दी गई राहत पर और यह पूछे जाने पर कि क्या राज्य सरकार लोगों को कुछ राहत देगी, पवार ने कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर राज्य सरकार से बात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार ने संकेत दिया है कि वह निश्चित रूप से राहत प्रदान करेगी, लेकिन केंद्र को जीएसटी मुआवजे का भुगतान करना चाहिए और अगर यह दिया जाता है तो ही लोगों के पक्ष में निर्णय लेना संभव होगा।'' केंद्र सरकार ने बुधवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये और 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की, ताकि दरों को अपने उच्चतम स्तर से नीचे लाने में मदद मिल सके। उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार परिवार की दिवाली पार्टी में मौजूद नहीं थे। इस बारे में पूछे जाने पर राकांपा प्रमुख ने कहा कि डॉक्टरों ने संकेत दिया है कि अजित पवार में कोविड-19 के लक्षण हैं। उन्होंने कहा, ''आज सुबह उनकी जांच की गई और रिपोर्ट आनी बाकी है। एहतियात के तौर पर, हमने कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया और इसलिए उन्होंने कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया।'

# मुंबई/ बीडीडी चाल के पुनर्विकास की रफ्तार बढ़ाने की कवायद

### बॉम्बे डाइंग के 750 निवासियों को मिलेगा घर

**मुंबई** : एनएम जोशी मार्ग, नायगांव और वर्ली के बीडीडी चाल के पुनर्विकास कार्य में अब तेजी आने का रास्ता साफ हो गया है। यहां के निवासियों को ट्रांजिट कैंप में घर मिलने की समस्या दूर होने से बीडीडी चाल के पुनर्विकास कार्य में अब गति आएगी। म्हाडा को बॉम्बे डाइंग के मिले 750 घरों को ट्रांजिट कैंप के रूप में परिवर्तित करने से बीडीडी चाल इमारत को खाली कराना आसान हो गया है। म्हाडा को और 1966 घर जल्द मिलने की उम्मीद है।




बता दें कि नायगांव, एनएम जोशी मार्ग और वर्ली के बीडीडी चाल का विकास करने के लिए उसे खाली कराना आवश्यक था लेकिन पयार्यी जगह नहीं मिलने से कार्य में अवरोध उत्पन्न हो गया था। म्हाडा द्वारा श्रीनिवास मिल, बॉम्बे डाइंग, प्रकाश कॉटन, भारत मिल एवं सेंचुरी मिल में मिल मजदूरों के लिए बने घरों को ट्रांजिट कैंप बनाने से बीडीडी चाल के लोगों को घर उपलब्ध कराकर विकास काम में तेजी लाने की कोशिश की जा रही थी। भारत मिल और सेंचुरी मिल में बने घरों को म्हाडा ने बीडीडी चाल के 272 लोगों को घर उपलब्ध कराया है। म्हाडा ने पिछले दिनों एनएम जोशी मार्ग, वर्ली और नायगांव के बीडीडी चाल की लॉटरी निकाल कर 883 लोगो की पात्रता निश्चित करते हुए उनसे अनुबंध किया। अब इन परिवारों को बॉम्बे डाइंग मिल के 750 घरों में एडजस्ट किया जाएगा। म्हाडा को मनपा के सहयोग से श्रीनिवास मिल के 1084 और बॉम्बे डाइंग मिल के 1632 घर मिलने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# कोरोना काल के बाद धूमधाम से मनी दिवाली

### रोशनी से नहाई मुंबई, देर रात तक गूंजे पटाखों के शोर, सरकारी दिशा-निर्देश पर आस्था पड़ी भारी` बाजारों में उमड़ी भीड़ से व्यापारियों में उत्साह

**मुंबई** : कोरोना संकट के चलते पिछले लगभग बीस महीनों से प्रतिबंधों में जी रहे मुंबईकरों ने धूमधाम से दिवाली का त्यौहार मनाया। डेढ़ सालों से सिर्फ प्रतीकात्मक रूप से त्योहारों को मनाने को मजबूर लोगों ने इस दिवाली पर सारी कसर पूरी करने की कोशिश की। बाजारों में जिस तरह से एक महीने पहले से ही चहल-पहल शुरू हो गई थी, तभी एहसास होने लगा था कि इस दीवाली पर लोग पुरानी रंगत में आते दिखेंगे। बहरहाल धनतेरस शुरू



हुई पांच दिवसीय दिवाली महोत्सव भाई दूज तक चलेगी। गुरुवार को मुंबई में दिवाली का पुराना नजारा देखने को मिला, जब घरों के अलावा इमारतों को भी रोशनी से सजाया गया था। शहर में आतिशबाजी की धूम ने कोरोना पूर्व की दीवाली की याद दिला दी। मुंबई शहर ही नहीं बल्कि उपनगरों में भी देर रात तक पटाखों के शोर गूंजते रहे। कोरोना की दूसरी लहर के थमने के बाद स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अगस्त सितंबर में तीसरी लहर आने की संभावना जताई थी, लेकिन माना जा रहा है कि तेजी से हुए टीकाकरण ने लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा दिया जिससे कोरोना को पैर पसारने का मौका नहीं मिला। बहरहाल गणेशोत्सव के बाद से शुरू हुए त्योहारों के मौसम में उमड़ने वाली भीड़ पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

# महाराष्ट्र पुलिस ने बाबा को किया गिरफ्तार




**पालघर** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले से पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर धर्म के नाम पर महिलाओं समेत कई लोगों को चूना लगा चुका है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि बुरी आत्मा का साया हटाने के नाम पर आरोपी लोगों को ठगता था। अधिकारी ने कहा कि मीरा भायंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस आयुक्तालय द्वारा कार्रवाई की गई और पुलिस ने आरोपी के पास से 301 ग्राम सोना भी बरामद किया जो उसने अलग अलग पीड़ितों से एकत्र किया था। एमबीवीवी पुलिस के उपायुक्त (जोन दो) संजय पाटिल ने कहा, ''18 अक्टूबर और 22 अक्टूबर के बीच, 32 वर्षीय नूर अजीजुल्ला सलमानी ने वसई के मानिकपुर की कई महिलाओं पर से बुरी आत्माओं का साया हटाने की पेशकश की थी।



Avenue Spa
Rejuvenate Your Body Mind & Soul
DUSSEHRA & DIWALI
999/-
022-27700160
9137758221
Shop No.F-27, Haware Centurion Mall, 1st floor,
Plot No.88/91, Sector-19A, Seawoods (E) Navi Mumbai.



# नागपुर पुलिस ने 20 वर्षीय युवती के साथ कथित रूप से बलात्कार करने के आरोप में 75 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**नागपुर** : नागपुर पुलिस ने 20 वर्षीय युवती के साथ कथित रूप से बलात्कार करने के आरोप में 75 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति को कोंधाली इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि घटना के बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी युवती को देने के सिलसिले में हिंगना निवासी जवलसिंह चव्हाण, उसके बेटे नीलकांत और भांजे पांडुरंग को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया, ''पिता से झगड़ा होने के बाद युवती ने 22 अक्टूबर अचानक अपने घर से निकल गई थी। आरोपी ने सतनावरी गांव में 23-24 अक्टूबर की दरमियानी रात उसके साथ बलात्कार किया।'' उन्होंने कहा कि पीड़िता के परिजनों द्वारा गुमशुदगी का मामला दर्ज कराए जाने की जानकारी मिलने पर आरोपी युवती को पास के पुलिस थाने के पास छोड़ गया। अधिकारी ने बताया कि युवती ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया, जिसके बाद बलात्कार का मामला दर्ज किया गया।

## 100 करोड़ की वसूली मामले में अनिल देशमुख के खिलाफ

# मेरे पास अतिरिक्त सुबूत नहीं: परमबीर सिंह

**शिवसेना नेता संजय राउत भी आरोप लगा चुके हैं कि परमबीर सिंह खुद नहीं भागे हैं, बल्कि उन्हें भगाया गया है।**

**मुंबई** : महाराष्ट्र में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने चांदीवाल आयोग को हलफनामा देकर कहा कि पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख पर उनके द्वारा लगाए गए 100 करोड़ वसूली के मामले में उनके पास कोई अतिरिक्त सबूत नहीं है। देशमुख पर लगे इस गंभीर आरोप की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार ने 30 मार्च को उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश कैलाश उत्तमचंद चांदीवाल की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इस आयोग को सिविल कोर्ट के अधिकार दिए गए हैं। आयोग इस मामले में लगातार परमबीर सिंह को सम्मन भेजता रहा है कि वह आकर अपना बयान दर्ज कराएं, लेकिन अभी तक वह आयोग के सामने पेश नहीं हो सके हैं। अब आयोग की सिफारिश पर मुंबई पुलिस उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी कर चुकी है। साथ ही, उनकी फरारी अब राजनीतिक मुद्दा भी बनने लगी है।



**वकील के जरिये दिया हलफनामा**

मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम ने एक दिन पहले ही कहा है कि परमबीर सिंह देश छोड़कर बेल्जियम जा चुके हैं। शिवसेना नेता संजय राउत भी आरोप लगा चुके हैं कि परमबीर सिंह खुद नहीं भागे हैं, बल्कि उन्हें भगाया गया है। माना जा रहा है कि वह नेपाल के रास्ते किसी और देश में जा चुके हैं। चार बार समन जारी करने के बावजूद जब परमबीर आयोग के सामने हाजिर नहीं हुए, तो आयोग उन पर एक बार 5000 रुपये व दूसरी बार 25000 रुपये का जुमार्ना भी लगा चुका है। अब परमबीर ने अपने वकील के जरिए आयोग में एक हलफनामा दायर कर कहा है कि उन्होंने पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख पर 100 करोड़ वसूली के जो आरोप लगाए थे, उस संबंध में उनके पास कोई सबूत नहीं हैं।

# समीर वानखेड़े ने मंहगे कपड़े पहनने संबंधी आरोपों परकहा 'मलिक अफवाह फैला रहे'



**मुंबई** : स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के निदेशक समीर वानखेड़े ने विलासितापूर्ण जीवनशैली संबंधी आरोपों पर मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक उनके खिलाफ अफवाह फैला रहे हैं। मलिक ने वानखेड़े पर करोड़ों रुपयों की जबरन वसूली करने और एक ईमानदार अधिकारी की पहुंच से बाहर रहने वाले महंगे कपड़े पहनने का आरोप लगाया है। वानखेड़े की बहन यासमीन और उनकी पत्नी भी अधिकारी के बचाव में उतर आईं। यासमीन वानखेड़े ने कहा कि मलिक को अपने ह्रमानसिक स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए।ह्र वानखेड़े पर निशाना साधते हुए मलिक ने दावा किया कि भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी एक लाख रुपये का पायजामा, 70 हजार रुपये से अधिक मूल्य की कमीज तथा 25-50 लाख रुपया मूल्य की घड़ियां पहनते हैं। मलिक के दावों पर समीर वानखेड़े ने कहा, 'उन्हें लोखंडवाला इलाके में जाना चाहिए और पता लगाना चाहिए कि मेरे कपड़ों के दाम क्या हैं। वह अफवाह फैला रहे हैं, उन्हें अधूरा ज्ञान है और उन्हें चीजों के बारे में सही जानकारी जुटानी चाहिए।,

# 22 लाख का गुटखा जब्त

**भिवंडी** : कोनगांव पुलिस और औषधि विभाग ने भिवंडी के पिंपलास गांव के एक गोडाउन में छापा मारकर तकरीबन 22 लाख का गुटखा सहित एक आयसर टेम्पो जब्त किया है। पुलिस ने गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। औषधि विभाग को गुप्त सूत्रों द्वारा जानकारी मिली थी कि प्रतिबंधित गुटखा एक आयसर टेम्पो में भर कर भिवंडी के पिंपलास गांव स्थित आर, के,जी गोडाउन के बिल्डिंग नंबर बी,डी, गाला नंबर छह में बिक्री के लिए आने वाला है। जानकारी मिलते ही औषधि विभाग ने कोनगांव पुलिस को इस की जानकारी दी, जिसके बाद कोनगांव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणपतराव पिंगले के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक राजेंद्र पवार, पुलिस उपनिरीक्षक पराग भट, औषधि विभाग के सुरक्षा अधिकारी मानिक आबासो जाधव एसके राठोड़, आरएस बोडके, जीपी लिंबोरकर की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उक्त




# गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया



**ठाणे** : जिले में 35 वर्षीय एक व्यक्ति को विवाद के बाद गर्भवती पत्नी को कथित रूप से जिंदा जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि शहर पुलिस ने कलवा के मफतलाल कालोनी निवासी अनिल बहादुर चौरसिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और अन्य के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने एक अन्य महिला से विवाह कर लिया है और इसे लेकर उसका पीड़िता से बार-बार झगड़ा होता था। 30 अक्टूबर की शाम आरोपी ने छह महीने की गर्भवती पीड़िता को कथित रूप से जिंदा जला दिया। महिला को पड़ोसियों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घटना में पीड़िता बुरी तरह झुलस गयी है। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

# मुंबई के पर्यटकों के लिए खुशखबरी, बेस्ट प्रशासन ने ओपन डेक बस सेवा शुरू करने का फैसला किया

**मुंबई** : मुंबई में कोरोना मरीजों की संख्या में कमी आ रही है। पर्यटन सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। निजी कंपनियों और सरकार के बाद अब बेस्ट प्रशासन ने भी पर्यटकों के लिए ओपन डेक बस सेवा शुरू करने का फैसला किया है। यह सेवा घरेलू और विदेशी दोनों पर्यटकों के लिए शुरू की जाएगी। बेस्ट दो ओपन डेक बसें दक्षिण मुंबई में चलेंगी। अधिकारियों ने बताया कि तीन नवंबर से पर्यटक इन बसों में सवार होकर आनंद ले सकेंगे। ओपन डेक बसों में यात्रा के लिए भी किराया तय किया गया है। पर्यटकों को एक खुली बस के ऊपर सवारी के लिए 150 रुपये का भुगतान करना होगा। निचले डेक में बैठे पर्यटकों को 75 रुपये किराया देना होगा। बस दक्षिण मुंबई में विरासत भवनों, स्मारकों और पर्यटकों के आकर्षण के माध्यम से सवारी करेगी।

# महाराष्ट्र में सियासी दंगलः मुसीबत में पवार फैमिली

# एनसीपी बनाम भाजपा के बीच में फंसी कांग्रेस-शिवसेना

**मुंबई :** राजनीति में कभी राजा तो कभी उनके किरदार या सहयोगी लड़ते हैं। इस राजनीति का असली दंगल तो महाराष्ट्र में चल रहा है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के राजनीतिक चक्रव्यूह को तोड़ने की कसरत कर रहे मराठा सरदार शरद पवार के बीच में शिवसेना और कांग्रेस दोनों फंस गई हैं। कांग्रेस के नेता भी मानते हैं कि एनसीपी के नेता और राज्य सरकार के मंत्री नवाब मलिक, पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, एनसीबी के अधिकारी समीर वानखेड़े के बीच चल रही लड़ाई जितनी दिखाई दे रही है, उससे कहीं ज्यादा गहरी इसकी जड़े हैं। इस पूरे एपीसोड में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे की टीम के सदस्य भी मुस्करा कर चुप हो जाते हैं। राजनीति के कई पंडितों का कहना है कि ये एक राजनीतिक दंगल चल रहा है।

महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख इस दंगल की भेंट चढ़ चुके हैं। अनिल देशमुख महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार के वफादार नेताओं में हैं। पवार ने उन्हें आरोपों के मकड़जाल से लेकर जांच एजेंसियों के प्रकोप से बचाने की भरसक कोशिश की लेकिन सफल नहीं हो पाए। देशमुख के बाद शरद पवार के भतीजे अजीत पवार पर जांच एजेंसियों ने शिकंजा तेजी से कसना शुरू कर दिया है। आगे कुछ



नाम और इस कतार में जुड़ सकते हैं। आने वाली कुछ ऐसी ही विसंगतियों से बचने के लिए महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक ने मोर्चा खोल दिया है। मलिक इस समय जो भी कुछ कर रहे हैं, उसकी डिजाइन से शरद पवार और उद्धव ठाकरे पूरी तरह वाकिफ हैं। जीतकर निकले तो एनसीपी बब्बर शेर और अगर मुंह की खानी पड़ी तो शरद पवार की मुश्किलें भी बढ़ना तय है। अनिल दुबे महाराष्ट्र और खासकर मुंबई भाजपा की राजनीति में गहरी रुचि लेते हैं। वह साफ कहते हैं कि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक आखिर इतना खुलकर कैसे बोल रहे हैं? क्या एनसीपी प्रमुख शरद पवार या फिर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को कुछ भी पता नहीं है? कुछ तो वजह है और वजह ऐसी भी नहीं है कि आसानी से समझा दी जाए। दरअसल पूरी कवायद एनसीपी प्रमुख शरद पवार और भाजपा के शीर्ष नेताओं के इर्द-गिर्द घूम रही है।

अजीत पवार एनसीपी के नेता शरद पवार के भतीजे हैं। भाऊ (शरद पवार) के बाद एनसीपी में सबसे मजबूत चेहरा माने जाते थे। पहले स्थिति बहुत मजबूत थी। लेकिन 2019 में 60 घंटे से ज्यादा समय तक भाजपा के साथ जाने के बाद उनकी स्थिति थोड़ी कमजोर हुई थी। अजीत पवार के भाजपा के साथ जाने की एक वजह को शरद पवार के राजनीतिक उत्तराधिकार से जोड़कर देखा जा रहा था। आज भी अजीत पवार के खिलाफ आयकर विभाग की जांच को राजनीति के पंडित उससे जोड़ने से नहीं चूकते। बांद्रा के एक बड़े कांग्रेसी नेता कहते हैं कि इस राजनीतिक खेल में भाजपा का लक्ष्य भी थोड़ा बड़ा है।

## WHO ने कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी




**मुंबई :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। 18 साल से ऊपर के लोगों को दिया जाने वाला यह टीका स्वदेश में ही विकसित किया गया है। डब्ल्यूएचओ के तकनीकी परामर्शदाता समूह ने भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोरोना रोधी टीके कोवैक्सीन के लिए आपात उपयोग के लिए सूचीबद्ध (ईयूएल) के दर्जे की सिफारिश की है। डब्ल्यूएचओ ईयूएल के उपयोग के लिए कोवैक्सीन के क्लीनिकल परीक्षण के आंकड़ों का मूल्यांकन कर रहा है। तकनीकी परामर्शदाता समूह ने 26 अक्तूबर को टीके को आपात उपयोग के लिए सूचीबद्ध करने के लिहाज से अंतिम ह्यजोखिम-लाभ मूल्यांकन करने के लिए कंपनी से अतिरिक्त स्पष्टीकरण मांगे थे।

# मुंबई/ दामाद १2 भाई, मुंबई ड्रग्स केस में आरोपों की लड़ाई!

**मुंबई :** मुंबई ड्रग्स क्रूज केस शुरू तो हुआ था आर्यन खान की गिरफ्तारी से, मगर ये आगे जिस ओर बढ़ रहा है, उसमें बेशुमार सियासत है, नवाब मलिक ने सबसे पहले वानखेड़े के खिलाफ मोर्चा खोला, और अब उनकी सीधी लड़ाई महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से है, फडणवीस मलिक के दामाद को निशाना बना रहे हैं, मलिक उनके बेटे और पत्नी को निशाना बना रहे हैं, मतलब यूं समझिए कि सब गोलमाल है। बंबई में सियासत नहीं पिक्चर चल रही है पिक्चर, इसमें पार्टी की रंगीनियां हैं, ड्रग्स का कारोबार है, हीरो का बेटा है, मंत्री हैं, कुछ गुर्गे हैं, ड्रामा है, इमोशन है, एक्शन है, डायलॉगबाजी है। तो लिखे होंगे सदी के सबसे शानदार संवाद सलीम जावेद, कादरखान, सलील चौधरी या गुलजार ने, लेकिन जो डायलॉगबाजी नवाब मलिक और देवेंद्र फडणवीस के बीच चल रही है वो सियासत से ज्यादा सिनेमा को अपने साए में समेटे है.मुंबई ड्रग्स क्रूज केस शुरू तो हुआ था आर्यन खान की गिरफ्तारी से, मगर ये आगे जिस ओर बढ़ रहा है, उसमें बेशुमार सियासत है, नवाब मलिक ने सबसे पहले वानखेड़े



के खिलाफ मोर्चा खोला, और अब उनकी सीधी लड़ाई महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से है, फडणवीस मलिक के दामाद को निशाना बना रहे हैं, मलिक उनके बेटे और पत्नी को निशाना बना रहे हैं, मतलब यूं समझिए कि सब गोलमाल है. बंबई में सियासत नहीं पिक्चर चल रही है पिक्चर, इसमें पार्टी की रंगीनियां हैं, ड्रग्स का कारोबार है, हीरो का बेटा है, मंत्री हैं, कुछ गुर्गे हैं, ड्रामा है, इमोशन है, एक्शन है, डायलॉगबाजी है.

## महाराष्ट्र के रायगढ़ में सेंधमारी...!

**अलीबाग :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में घर में सेंधमारी और चोरी के 11 मामलों में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और 15 लाख रुपये से अधिक मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ पुलिस ने महाड के एक लैब टेक्नीशियन संकेत अंजारलेकर को शहर में कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने से रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के दौरान बंद घरों में सेंध लगाने और कीमती सामान चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।


# मुंबई की धारावी ने फिर चमत्कार दोहराया

## 6 दिन तो कोई केस आया ही नहीं

**मुंबई :** एक जमाने में एशिया की सबसे बड़ी स्लम कही जाने वाली मुंबई की धारावी बस्ती ने एक बार फिर चमत्कार दोहराया है. अक्टूबर के महीने में यहां 6 दिन कोरोना का एक भी केस सामने नहीं आया. यानी यहां एक पूरा हफ्ता जीरो कोरोना केस के साथ बीता. इतना ही नहीं महीने के 13 दिन सिर्फ 1 कोरोना केस सामने आया. यानी अक्टूबर महीने में दो हफ्ते हर रोज सिर्फ एक कोरोना केस सामने आया. पूरे अक्टूबर में धारावी में कुल 50 केस सामने आए. जबकि धारावी के पास के दादर इलाके की बात करें तो वहां कोरोना के 200 नए केस सामने आए हैं. इसी तरह एक और पड़ोसी इलाके माहिम में कोरोना के 130 नए केस सामने



आए हैं. कोरोना से जंग में धारावी की जीत की धमक यह पहली बार नहीं है. सितंबर महीने में भी धारावी में कुल 66 नए केस ही सामने आए थे. इस महीने भी 5 दिन ऐसे गुजरे थे जब कोरोना का एक केस भी सामने नहीं आया था. धारावी में अब तक कोरोना के 7 हजार 148 केस सामने आ चुके हैं. फिलहाल यहां 21 एक्टिव कोरोना केस मौजूद हैं. एक दिन में यहां सर्वाधिक कोरोना केस का रिकॉर्ड 8 अक्टूबर का रहा. इस दिन यहां 19 कोविड के नए मरीज सामने आए थे. इसकी तुलना में धारावी के करीबी इलाके दादर में 10 हजार 379 कोरोना केस दर्ज किए जा चुके हैं. यहां फिलहाल 88 ऐक्टिव केस मौजूद हैं. इसी तरह माहिम की बात करें तो यहां 10 हजार 692 केस दर्ज हो चुके हैं और फिलहाल 89 ऐक्टिव कोरोना केस हैं.



## किशोर की हत्या कर सहकर्मी फरार




**ठाणे :** जिले के एक गांव में किसी विवाद को लेकर 18 वर्षीय एक किशोरी पर उसके सहकर्मी ने हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। नारपोली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि घटना दापोड़ा गांव में बुधवार दोपहर को हुई। उन्होंने कहा कि आरोपी आसिम उर्फ साकिब अंसारी रईस अहमद (21) ने कथित तौर पर राजू अशोक ख्यातम पर रेडियम काटने के औजार से हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि हमला करने के बाद आरोपी घटनास्थल से भाग निकला। उन्होंने कहा कि मृतक के शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

## पेट्रोल और डीजलकी कीमतों में और मिल सकती है राहत


**ठाणे :** पेट्रोल और डीजल की कीमतें दिवाली के दिन से कई राज्यों में 12 रुपये तक सस्ती हो गई. दिवाली की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कमी की घोषणा की थी. पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः 5 रुपये और 10 रुपये की कटौती की गई थी.

# बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान साप्ताहिक हाजिरी दर्ज कराने के लिए एनसीबी के समक्ष पेश हुए



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान एक क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में शुक्रवार को यहां स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के समक्ष पेश हुए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आर्यन के लिए इस मामले में एनसीबी के समक्ष हर सप्ताह पेश होना अनिवार्य है। बंबई उच्च न्यायालय द्वारा जमानत मंजूर किए जाने के बाद आर्यन को 30 अक्टूबर को आर्थर रोड जेल से रिहा किया गया था। इसके बाद वह पहली बार एनसीबी कार्यालय में पेश होंगे। सूत्रों ने बताया कि जमानत की शर्तों के अनुसार आर्यन अपराह्न करीब सवा 12 बजे दक्षिण मुंबई के बलार्ड एस्टेट स्थित एनसीबी कार्यालय पहुंचे।

आर्यन (23) को मुंबई तट के पास क्रूज पोत पर छापेमारी के बाद एनसीबी ने तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। वह आठ अक्टूबर से आर्थर रोड जेल में बंद थे। आर्यन के खिलाफ मादक पदार्थ रखने, उसका सेवन करने, प्रतिबंधित मादक पदार्थ की खरीद और बिक्री तथा साजिश के मामले में स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस कानून) की उपयुक्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बंबई उच्च न्यायालय ने आर्यन को 28 अक्टूबर को जमानत दी थी। उच्च न्यायालय ने गत शुक्रवार को अपने आदेश का मुख्य अंश उपलब्ध कराया। इस आदेश में आर्यन और दो सह-आरोपियों अरबाज मर्चेंट तथा मुनमुन धामेचा की जमानत के लिए अदालत ने 14 शर्तें लगाई हैं। अदालत ने पांच पन्नों के आदेश में कहा कि आर्यन खान और मर्चेंट तथा धामेचा को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही की एक या दो जमानत राशि जमा करने पर छोड़ा जाए। अदालत द्वारा तय शर्तों के अनुसार तीनों को विशेष एनडीपीएस अदालत में अपने पासपोर्ट जमा करने होंगे और वे विशेष अदालत से अनुमति लिये बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। उन्हें हर शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजसे से अपराह्न दो बजे के बीच एनसीबी कार्यालय में मौजूदगी दर्ज कराने आना होगा।












# महाराष्ट्र पुलिस ने बाबा को किया गिरफ्तार



**पालघर :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले से पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर धर्म के नाम पर महिलाओं समेत कई लोगों को चूना लगा चुका है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि बुरी आत्मा का साया हटाने के नाम पर आरोपी लोगों को ठगता था। अधिकारी ने कहा कि मीरा भायंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस आयुक्तालय द्वारा कार्रवाई की गई और पुलिस ने आरोपी के पास से 301 ग्राम सोना भी बरामद किया जो उसने अलग अलग पीड़ितों से एकत्र किया था। एमबीवीवी पुलिस के उपायुक्त (जोन दो) संजय पाटिल ने कहा, ''18 अक्टूबर और 22 अक्टूबर के बीच, 32 वर्षीय नूर अजीजुल्ला सलमानी ने वसई के मानिकपुर की कई महिलाओं पर से बुरी आत्माओं का साया हटाने की पेशकश की थी। आरोपी ठाणे जिले के मीरा रोड का निवासी है। उसने महिलाओं से पैसे और आभूषण लिए और भाग गया।''

# महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार में दिखे कोरोना के लक्षण

## ड्राइवर और कर्मचारी संक्रमित

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार में कोरोना के लक्षण दिखे हैं, जबकि उनके ड्राइवर व कुछ कर्मचारी कोरोना संक्रमित मिले हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राकांपा सुप्रीमो ने कहा कि डाक्टरों ने संकेत दिया है कि अजीत पवार में कोविड-19 के लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि उनका परीक्षण सुबह किया गया और परिणाम आना बाकी है। एहतियात के तौर पर हमने कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया और इसलिए उन्होंने पवार परिवार के दीवाली कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया। उनके अनुसार, अजीत पवार के घर के कुछ कर्मचारी और ड्राइवर कोरोना संक्रमित हैं।

शरद पवार ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की सराहना की। शरद पवार ने कहा कि एमवीए सरकार द्वारा लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णयों ने कोविड 19 मामलों को कम करने में मदद की। साथ ही, यह भी विश्वास व्यक्त किया कि चीजें वापस सामान्य हो जाएंगी और महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था पुनर्जीवित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने संकेत दिया है कि वह पेट्रोल और डीजल पर केंद्र के उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद लोगों को ईंधन की कीमतों में राहत देगी, लेकिन अगर केंद्र सरकार राज्य को जीएसटी मुआवजा देती है तो



वह ऐसा करने की स्थिति में होगी। शरद पवार पुणे जिले के बारामती स्थित अपने आवास 'गोविंद बाग' में पत्रकारों से बात कर रहे थे। पिछले साल पवार परिवार ने कोविड-19 के कारण बारामती में दिवाली नहीं मनाई थी। शरद पवार ने कहा कि पिछले साल कोविड-19 के कारण, हमें कुछ मानदंडों का पालन करना पड़ा, लेकिन अब देश में कोविड-19 का खतरा धीरे-धीरे कम हो रहा है।

शरद पवार ने कहा कि जहां तक महाराष्ट्र का सवाल है, राज्य सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए, जिसके परिणामस्वरूप हम देख रहे हैं कि कोरोना वायरस रोगियों की संख्या घट रही है। इस साल भी परिवार इस बात को लेकर असमंजस में था कि दीवाली हमेशा की तरह मनाई जाए या नहीं। लोगों और सहकर्मियों ने कहा कि हम बारामती में दीवाली मनाएं और आश्वासन दिया कि वे सभी कोविड-19 मानदंडों का पालन करेंगे। सैकड़ों लोग, पार्टी के सहयोगी आए और अनुशासित तरीके से दीवाली की शुभकामनाएं दीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि कोरोना वायरस की स्थिति में और सुधार होगा। हम खतरे से बाहर आ रहे हैं... मुझे यकीन है कि हम वापस सामान्य हो जाएंगे और महामारी के दौरान हुए नुकसान की भरपाई करने में सक्षम होंगे और हम अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में सक्षम होंगे। सभी लोग और मुझे यकीन है कि हम नई उम्मीद के साथ फिर से शुरूआत करने में सक्षम होंगे।

ईंधन की कीमतों पर केंद्र द्वारा दी गई राहत पर और यह पूछे जाने पर कि क्या राज्य सरकार लोगों को कुछ राहत देगी। शरद पवार, जिनकी पार्टी महाराष्ट्र में शिवसेना और कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करती है, ने कहा कि उन्हें राज्य सरकार से बात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने संकेत दिया है कि वह निश्चित रूप से राहत देगी, लेकिन केंद्र को जीएसटी मुआवजे का भुगतान करना चाहिए और अगर यह दिया जाता है तो ही लोगों के पक्ष में फैसला लेना संभव होगा। बुधवार को, केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये और 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की, ताकि दरों को अपने उच्चतम स्तर से नीचे लाने में मदद मिल सके।

# महाराष्ट्र के बारामती में दिवाली की वापसी

## पवार परिवार को बधाई देने के लिए उमड़ी भीड़



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के बारामती शहर में 24 महीने बाद दिवाली की धूम देखी गई. क्योंकि राज्य भर से हजारों लोग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार से मिलने और बधाई देने के लिए आए. अपनी बेटी सुप्रिया सुले, सांसद और पोते विधायक रोहित पवार और अन्य लोगों के साथ मुस्कुराते हुए पवार ने अपने घर के बाहर लंबी कतारों का गर्मजोशी से स्वागत किया. कुछ समय के लिए राज्य के राजनीतिक मामलों को भूल कर उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं, कार्यकताओं और शुभचिंतकों से मुलाकात की. पवार परिवार हर साल अपने कार्यकताओं और प्रशंसकों के साथ दीवाली मनाते रहे हैं, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण, इसे पिछले साल (2020) रद्द कर दिया गया था और इस साल इसे फिर से शुरू किया गया है. इस मौके पर पवार ने कहा, ''आज बलिप्रतिपदा और पड़वा का पावन दिन है. सभी को दीपावली की बधाई और बलिप्रतिपदा की शुभकामनाएं!''



# इतना बड़ा रेलवे स्टेशन...!


## जो आधा महाराष्ट्र में है और आधा गुजरात में, देखिए कैसे होता है काम?

सोशल मीडिया पर आपने अजीबोगरीब नाम वाले रेलवे स्टेशन देखे होंगे. लेकिन, भारतीय रेलवे का एक स्टेशन तो ऐसा है, जिसका आधा हिस्सा एक राज्य में है और एक हिस्सा दूसरे राज्य में है.

यानी अगर आप यहां जाएंगे तो आपको टिकट एक स्टेट से लेनी होगी और आपको ट्रेन दूसरे राज्य में जाकर लेनी होगी. आप ऊपर दी गई फोटो में समझ सकते हैं कि इस स्टेशन में क्या हालात है और किस तरह से यह स्टेशन दो राज्य में बंटा है..., दरअसल, यह खास रेलवे स्टेशन है और इसमें खास बात ये है कि यह स्टेशन आधा गुजरात के अंडर आता है और इसका दूसरा हिस्सा महाराष्ट्र में है. इतना ही नहीं, इस रेलवे स्टेशन पर एक कुर्सी भी रखी है, जिसका एक गुस्सा गुजरात में है और दूसरा महाराष्ट्र में.

# अनिल देशमुख के स्वास्थ्य की फिर हुई जांच

**मुंबई :** पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी स्वास्थ जांच के लिए जेजे अस्पताल लेकर गए थे। करीब डेढ़ बजे तक उनके स्वास्थ्य की जांच हुई, जिसमें कुछ नहीं पाया गया। इसके बाद उन्हें ईडी दफ्तर में लाया गया। ईडी ने अवैध वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अनिल देशमुख से गुरुवार को चार घंटे तक पूछताछ की। अनिल देशमुख के वकील इंद्रपाल सिंह ने पत्रकारों को बताया कि ईडी ने उनके समक्ष अनिल देशमुख से चार घंटे तक पूछताछ की। ईडी के सभी सवालों का जवाब अनिल देशमुख ने नार्मल तरीके से दिया है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तारी के बाद और कोर्ट में पेशी से पहले भी उनके स्वास्थ्य की जांच की गई थी।



## महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को

# 6 नवंबर तक ED की हिरासत में भेजा गया

**मुंबई** : महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को मनी लॉन्डरिंग मामले में 6 नवंबर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में भेजा गया है। देशमुख को इस मामले में एऊने मुंबई में उनके कार्यालय में 12 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद सोमवार देर रात गिरफ्तार किया था। उसके बाद आज उन्हें विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और जांच एजेंसी ने अदालत से उनकी कस्टडी की मांग की जिसे स्वीकार करते हुए कार्ट ने उनकी चार दिन की ईडी की कस्टडी मंजूर कर ली। जिससे अब देशमुख की दिवाली ईडी की हिरासत में मनेगी। महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री देशमुख को एऊने किया गिरफ्तार, आज 11 बजे कोर्ट में किया जायेगा पेश बता दें कि ईडी लंबे समय से लगातार देशमुख को पूछताछ के लिए समन जारी कर रही था। ईडी की ओर से पांच समन पर वो पेश नहीं हुए थे। वो इसके खिलाफ बॉम्बे



हाईकोर्ट पहुंचे थे। हाईकोर्ट ने ईडी के समन रद करने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद वो एंजेसी के सामने पेश हुए। देशमुख ने इस साल की शुरूआत में अपने खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर विवाद के बीच अपने पद से राजीनामा दे दिया था। उनको शुक्रवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहत देने से मना कर दिया था। उन्होंने जांच एजेंसी के समन को रद्द करने की अपील की थी। सोमवार को जारी किए गए एक वीडियो बयान में 71 वर्षीय एनसीपी नेता अनिल देशमुख ने कहा था कि मेरे खिलाफ सभी आरोप झूठे हैं। पूर्व गृहमंत्री की गिरफ्तारी के बाद महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार को इनकम टैक्स का नोटिस अनिल देशमुख इस मामले में अपने ऊपर लगे आरोपों को लगातार नकारते रहे हैं। उनका वकील और वे लगातार ये कहते रहे हैं कि ये सभी आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। ईडी की कार्रवाई को लेकर भी देशमुख की ओर से सवाल उठाए गए थे। गौरतलब है कि मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने देशमुख पर भ्रष्टाचार और जबरन वसूली का आरोप लगाया था।

## ठाणे जिले में 35 वर्षीय व्यक्ति ने गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया




**मुंबई** : ठाणे जिले में 35 वर्षीय एक व्यक्ति को विवाद के बाद गर्भवती पत्नी को कथित रूप से जिंदा जलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि शहर पुलिस ने कलवा के मफतलाल कालोनी निवासी अनिल बहादुर चौरसिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और अन्य के तहत सोमवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने एक अन्य महिला से विवाह कर लिया है और इसे लेकर उसका पीड़िता से बार-बार झगड़ा होता था।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 अक्टूबर की शाम आरोपी ने छह महिने की गर्भवती पीड़िता को कथित रूप से जिंदा जला दिया। उन्होंने बताया कि महिला को पड़ोसियों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी ने बताया कि घटना में पीड़िता बुरी तरह झुलस गयी है । फिलहाल उसका इलाज चल रहा है।

## आयकर विभाग द्वारा कुर्क संपत्तियों का अजित पवार से संबंध नहीं: मलिक

**मुंबई** : अजित पवार के रिश्तेदारों से जुड़े परिसरों पर पिछले महीने देशभर में व्यापक छापेमारी के बाद आयकर विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को मुंबई, नयी दिल्ली, पुणे, गोवा में उनकी संपत्तियों और राज्यभर में दो दर्जन से अधिक भूखंडों को कुर्क करने के अस्थायी आदेश दिए। इस कुर्क संपत्ति की बाजार में कुल कीमत करीब 1,400 करोड़ रुपए है। एक आयकर सूत्र ने पुष्टि की कि उनके बेनामी संपत्ति विभाग ने 1988 के बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम के तहत राकांपा नेता के बेटे पार्थ पवार समेत उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी विभिन्न संपत्तियों को कुर्क करने





के अस्थायी आदेश जारी किए हैं। राकांपा के वरिष्ठ मंत्री मलिक ने कहा, ''ऐसा बताया जा रहा है कि आयकर विभाग ने अजित पवार से जुड़ी संपत्तियों को कुर्क किया है, लेकिन इसमें कोई सच्चाई नहीं है। यह संपत्ति हरेक की है और वे कह रहे हैं कि यह अजित पवार की है। ऐसा उन्हें बदनाम करने के लिए किया गया है।''अजित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के भतीजे हैं। सूत्र ने बताया कि उपमुख्यमंत्री के संबंधियों को यह साबित करने के लिए 90 दिन का समय दिया गया है कि इन संपत्तियों पर उनका वैध अधिकार है और इसे अवैध धन से खरीदा नहीं गया है। जांच लंबित रहने के दौरान वे ये संपत्तियां बेच नहीं सकते। मलिक ने कहा, ''पश्चिम बंगाल में जो (केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग) हुआ, वह अब महाराष्ट्र में हो रहा है।'' उन्होंने कहा कि वही नेता अब कहते हैं कि वे अब शांति से सो सकते हैं, क्योंकि केंद्रीय एजेंसियों की किसी जांच का उन पर कोई दबाव नहीं है। मलिक भाजपा नेता हर्षवर्धन पाटिल के पिछले महीने दिए गए बयान का स्पष्ट रूप से जिक्र कर रहे थे। पाटिल ने कहा था कि भगवा दल में आकर वे ''गहरी नींद'' का आनंद ले रहे हैं, क्योंकि उनके खिलाफ ''कोई जांच नहीं'' चल रही। पाटिल 2019 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

## फडणवीस ने आरोप लगाया मलिक के अंडरवर्ल्ड से संबंध हैं, इसके सबूत मैं NCP अध्यक्ष शरद पवार को

**मुंबई:** मुंबई ड्रग केस की फजीहत बढ़ती ही जा रही है, जबसे वानखेड़े स्टेडियम में उतरे हैं तबसे कोई भी दिन आरोप प्रत्यारोप के नहीं गुजरा। एनसीपी प्रवक्ता नवाब मालिक की पोलखोल जल्द होने वाली है। विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि, नवाब मलिक रोज झुरझुरी छोड़ते हैं पर मैं दीवाली बाद बम फोड़ुगा। फडणवीस ने कहा कि, मलिक के अंडरवर्ल्ड से संबंध हैं। मैं इसके सबूत मैं NCP अध्यक्ष शरद पवार को सौंपुंगा। नवाब मलिक ने जयदीप राणा नामक शख्स के साथ भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी की फोटो जारी कर दी। नवाब मलिक के



मुताबिक, जयदीप राणा ड्रग्स का धंधा करता है। इसके बाद भाजपा भड़क गई। खुद देवेंद्र फडणवीस सामने आए और सफाई दी कि नवाब मलिक ने जो फोटो जारी की है वो 4 साल पुरानी है और यदि जयदीप ने कुछ गलत किया है तो पुलिस और एनसीबी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। फडणवीस ने कहा कि, मैं शीशे के घर में नहीं रहता। जिसका दामाद ड्रग्स तस्करी में पकड़ा गया वह दूसरों पर ड्रग्स मामले में मिली भगत का आरोप लगा रहा है।फडणवीस ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दीवाली बीतने का इंतजार कीजिए।

# महाराष्ट्र के बाहर शिवसेना की पहली जीत पर बोले नारायण राणे- धनुष तीर नहीं

# बल्लेबाज था चुनाव चिह्न



**मुंबई :** पहली बार शिवसेना ने महाराष्ट्र के बाहर चुनाव में जीत हासिल की है। इस पर शिवसेना तो जश्न मना रही है लेकिन भाजपा इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता नारायण राणे ने दावा किया कि दादरा और नागरी हवेली पर उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार की जीत को शिवसेना अपनी जीत के रुप में पेश करने की कोशिश कर रही है। मुंबई में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने कहा कि दादरा और नगर हवेली (एसटी) सीट पर हुए लोकसभा उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार कलाबेन डेलकर की जीत को शिवसेना अपनी जीत के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है। जबकि उन्होंने शिवसेना का चुनाव चिह्न का इस्तेमाल ही नहीं किया। भाजपा नेता ने कहा, ''मैंने उनके(कलाबेन डेलकर) चुनाव चिह्न की जांच की तो पता चला कि उन्होंने ह्यबल्लेबाजह्न चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ा था, न कि शिवसेना के धनुष और तीर के चिह्न से।'' बता दें कि नारायण राणे शिवसेना में 40 साल रहने के बाद कांग्रेस से होते हुए भाजपा में शामिल हुए थे। शिवसेना पर तंज कसते हुए राणे ने कहा, ''शिवसेना को किसी और की जीत का श्रेय लेने की आदत पड़ी हुई है। उन्होंने अब हास्यास्पद दावे करना शुरू कर दिए हैं कि वे दिल्ली पर कब्जा कर लेंगे।'' राणे ने कहा कि शिवसेना ने 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मे के कारण 56 सीटें जीती थी। अब यह पार्टी आठ से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी। राणे कुछ वक्त के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। बता दें कि हाल ही में संपन्न हुए उपचुनाव में कलाबेन डेलकर ने दादरा नागर हवेली की लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी महेश गावित को 51,269 मतों के अंतर से हराया था। कलाबेन डेलकर को 1,18,035 वोट मिले, जबकि गावित को 66,766 मतों से संतोष करना पड़ा था।

# भाजपा नेता का ट्वीट...!

## अनिल देशमुख की गिरफ्तारी के बाद बेटे, दामाद और दूसरे नेताओं का नंबर



**मुंबई :** किरीट सोमैया ने ट्वीट किया, पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख गिरफ्तार हो चुके हैं. अब अन्य नेताओं की बारी है. बेटा, दामाद, साझेदार...और अनिल परब समेत शिवसेना और एनसीपी के नेताओं तक वसूली फंड पहुंचता था.

मनी लॉन्ड्रिंग केस में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) की कस्टडी में हैं. अब इस मामले में भाजपा नेता किरीट सोमैया ने शिवसेना, एनसीपी पर निशाना साधा है. किरीट सोमैया ने कहा, अनिल देशमुख गिरफ्तार हो चुके हैं. अब दूसरे नेताओं की बारी है. मनी लॉन्ड्रिंग केस में महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की गिरफ्तारी के बाद अब ED ने अनिल देशमुख के बेटे ऋषिकेश देशमुख को पूछताछ के लिए समन जारी किया है. बताया जा रहा है कि उन्हें शुक्रवार को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया गया है.

मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को चिट्ठी लिखी थी. इस चिट्ठी में पूर्व कमिश्नर ने दावा किया था कि अनिल देशमुख ने गृह मंत्री रहते हर महीने सचिन वाझे से 100 करोड़ रुपये देने की मांग की थी. इस मामले में ईडी ने अनिल देशमुख को पूछताछ के लिए बुलाया था. सोमवार को पूछताछ में जांच एजेंसी ने पाया था कि अनिल देशमुख की तरफ से किसी भी सवाल पर संतोषजनक जवाब नहीं दिए गए. ऐसे में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. देशमुख अभी 6 नवंबर तक ईडी की कस्टडी में हैं.

## आर्यन खान मामले के जांच अधिकारी

# वानखेड़े को क्रूज ड्रग्स मामले की जांच से हटाया गया

### मुझे जांच से नहीं हटाया गया है- समीर वानखेड़े



**मुंबई:** मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले में आज नया मोड़ सामने आया है. एनसीबी ने मामले की जांच का नेतृत्व कर रहे जोनल अधिकारी समीर वानखेड़े को जांच से हटा दिया है. आर्यन खान ड्रग्स मामले में समीर वानखेडे.पर 8 करोड़ रुपये की रिश्वत का आरोप लगा है. वानखेड़े को हटाए जाने के बाद मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में एसआईटी को सौंपी गई है. वहीं, समीर वानखेड़े ने कहा कि उन्होंने खुद ही हाईकोर्ट में एक पिटिशन दायर कर उनके ऊपर लगे आरोपों की जांच सीबीआई या ठक्अ जैसी केंद्रीय एजेंसी से कराने की मांग की थी. उसी को आधार बनाकर दिल्ली के बड़े सीनियर अधिकारी के नेतृत्व में रक्ळ बनाई गई है, जो अब आर्यन खान मामले और एनसीपी नेता नवाब मलिक के दामाद समीर खान केस की भी जांच करेगी. मुझे कहीं से हटाया नही गया है. मैं उन मामलों का जांच अधिकारी नही था. मैं अपनी जगहं पर हूं. महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक के आरोपों के बाद वानखेड़े एक बड़े विवाद के केंद्र में रहे हैं. इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि आर्यन खान मामले में एनसीबी के गवाह प्रभाकर सैल ने उनके रिकॉर्ड और मामलों को संभालने पर सवाल उठाए. मुंबई क्रूज ड्रग्स केस की जांच से समीर वानखेड़े को हटाए जाने के तुरंत बाद एनसीपी नेता व महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक की प्रतिक्रिया आई है. नवाब मलिक ने ट्वीट किया कि आर्यन खान केस समेत 5 मामलों से समीर वानखेड़े को हटाया गया. कुल 26 मामले हैं जिनकी जांच करने की जरूरत है. ये तो बस शुरूआत है... इस सिस्टम को साफ करने के लिए अभी बहुत कुछ करना है और हम करेंगे. वहीं, एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े ने एएनआई से कहा, मुझे जांच से नहीं हटाया गया है. अदालत में मेरी रिट याचिका थी कि मामले की जांच किसी केंद्रीय एजेंसी से कराई जाए. इसलिए आर्यन मामले और समीर खान मामले की जांच दिल्ली एनसीबी की एसआईटी कर रही है. यह दिल्ली और मुंबई की एनसीबी टीमों के बीच एक समन्वय है. पिछले हफ्ते आलोचनाओं की झड़ी के बीच एनसीबी ने सार्वजनिक रूप से ह्लत्रुटिहीन सेवा रिकॉर्डह्न का हवाला देते हुए वरिष्ठ अधिकारी का समर्थन किया था. इसके साथ ही एजेंसी ने उप महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह के नेतृत्व में एक आंतरिक जांच भी शुरू की थी.

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक,मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स,४९६,पंचशील नगर-१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं-३, तिलक नगर, चेम्बुर,मुंबई-४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू),मुंबई-४०००८३ से प्रकाशित किया ।
संपादक- सिराज चौधरी मो. ९७७३६२२९६७